**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 922**

**(जिसका उत्तर सोमवार, 02 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया)**

**पीएम इंटर्नशिप योजना में एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण**

**922. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**श्री सुधीर गुप्ताः**
**श्री अनन्त नायकः**
**श्री रमाशंकर राजभरः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की मुख्य विशेषताएं क्या है;
(ख) पीएमआईएस के तहत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड़ों का ब्यौरा क्या है, इसके तहत शामिल छात्रों की कुल संख्या कितनी है जिनके लाभान्वित होने की संभावना है और आज तक राज्य-वार पंजीकृत उम्मीदवारों की कुल संख्या कितनी है;
(ग) क्या सरकार ने पीएमआईएस के तहत अ.जा., अ.ज,जा. और अ.पि.व. के छात्रों के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) उक्त प्रयोगिक परियोजना पर कुल कितनी राशि व्यय होने की संभावना है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**
**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

**(क) और (ख):** बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की घोषणा की गई थी। इसका उद्देश्य पांच वर्ष में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने के लक्षित योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट 03.10.2024 को शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रायोगिक परियोजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित मुख्य विशेषताओं और पात्रता मानदंडों से संबंधित दिशानिर्देश पोर्टल https://pminternship.mca.gov.in पर उपलब्ध हैं। युवाओं के पंजीकरण के लिए पोर्टल 12 अक्टूबर, 2024 से 15 नवंबर, 2024 तक खोला गया था; कुल 4.87 लाख पात्र आवेदकों ने अपना केवाईसी पूरा किया और इस अवधि के दौरान स्वयं को पंजीकृत किया। इसके अलावा, लगभग 3.38 लाख उम्मीदवारों ने पोर्टल पर अपना प्रोफाइल पूरा कर लिया है। पीएमआईएस पोर्टल पर

26 नवंबर को अपना प्रोफाइल पूरा करने वाले उम्मीदवारों की राज्यवार सूची अनुलग्नक-1 में संलग्न है।

**(ग):** पीएम इंटर्नशिप योजना-पायलट प्रोजेक्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार, आवेदनों की संख्या के आधार पर उम्मीदवारों का एक पूल पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक इंटर्नशिप अवसर के लिए चुना जाता है। शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया का उद्देश्य अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों के साथ-साथ दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी संबंधित प्रक्रियाओं और मानदंड के अनुसार आगे चयन के लिए संबंधित कंपनी को भेजी गई शॉर्टलिस्ट में प्रतिनिधित्व प्रदान करके इंटर्नशिप कार्यक्रम में विविधता और सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा देना है।

**(घ):** पीएम इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट के लिए, युवाओं को 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने के लक्ष्य के लिए, 840 करोड़ रुपये की राशि को मंज़ूरी दी गई है।

*******

**अनुलग्नक -I**

**लोकसभा प्रश्न संख्या: 922 (अतारांकित)**

(ख) पीएमआईएस पोर्टल पर अपना प्रोफाइल सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या: 338115

| क्रमांक | राज्य | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 33 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 29365 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 81 |
| 4 | असम | 10914 |
| 5 | बिहार | 22707 |
| 6 | चंडीगढ़ | 612 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 7235 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 91 |
| 9 | दिल्ली | 12447 |
| 10 | गोवा | 119 |
| 11 | गुजरात | 13644 |
| 12 | हरियाणा | 28462 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2147 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 2941 |
| 15 | झारखंड | 8227 |
| 16 | कर्नाटक | 12081 |
| 17 | केरल | 6992 |
| 18 | लद्दाख | 45 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 32286 |
| 21 | महाराष्ट्र | 14783 |
| 22 | मणिपुर | 218 |
| 23 | मेघालय | 135 |
| 24 | मिजोरम | 26 |
| 25 | नागालैंड | 246 |
| 26 | ओडिशा | 10872 |
| 27 | पुडुचेरी | 342 |
| 28 | पंजाब | 2535 |
| 29 | राजस्थान | 14185 |
| 30 | सिक्किम | 23 |
| 31 | तमिलनाडु | 9383 |
| 32 | तेलंगाना | 17972 |
| 33 | त्रिपुरा | 580 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 64630 |
| 35 | उत्तराखंड | 2194 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 9561 |
| | **कुल योग** | **338115** |